न्यायालय डिवीजनल कमिश्नर, जोधपुर

अध्यक्षता : ललित कुमार गुप्ता, आई.ए.एस.

सूचना का अधिकार प्रथम अपील संख्या :– 06/2017

अपीलान्ट	**बनाम**	**रेस्पोडेन्ट**
डा. विकास कपूर पुत्र एस.डी. कपूर, निवासी 24, भगत की कोठी विस्तार योजना, न्यू पाली रोड जोधपुर		सचिव राज. संगीत नाटक अकादमी (लोक सूचना अधिकारी)जोधपुर

अपील अंतर्गत धारा 19 सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विरुद्ध सचिव, राज. संगीत नाटक अकादमी ,(लोक सूचना अधिकारी)

उपस्थिति :

1– अपीलान्ट उपस्थित।

2– रेस्पोडेन्ट की ओर से सचिव, संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर , (लोक सूचना अधिकारी) के प्रतिनिध उपस्थित

:: आदेश::

दिनांकः 16.5.2018

अपीलान्ट द्वारा अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलान्ट द्वारा कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी (सचिव, राज. संगीत नाटक अकादमी),जोधपुर के समक्ष सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत एक प्रार्थना पत्र दिनांक 18.9.2017 को प्रस्तुत कर विभिन्न 9 बिन्दुओं पर सूचना चाही गयी थी। चाही गयी पूर्ण सूचना उपलब्ध नही कराये जाने पर अपीलान्ट द्वारा उक्त अपील प्रस्तुत की गयी है। अपील मे शेष सूचना उपलब्ध कराने का निवेदन किया है।

लोक सूचना अधिकारी ने प्रस्तुत अपील पर अपनी टिप्पणी मे अवगत कराया कि अपीलान्ट द्वारा चाही गयी सूचना आवेदन के अनुसार उपलब्ध करादी गयी है। जो सूचना कार्यालय मे उपलब्ध नही थी, वह नही दी गयी है। तथापि

अपीलान्ट चाहे तो वे कार्यालय मे उपस्थित होकर दस्तावेजों का अवलोकन कर यदि चाही गयी सूचना उपलब्ध है तो प्राप्त कर सकते है।

हमने अपीलान्ट द्वारा प्रकट तथ्यों एवं लोक सूचना अधिकारी द्वारा की गयी कार्यवाही संबंधी पत्रावली अवलोकन किया। अपीलान्ट को अकादमी द्वारा निर्धारित समयावधि मे सूचना उपलब्ध करा दी गयी थी। अपीलान्ट का कथन है कि प्राप्त सूचना अपूर्ण है। अतः पूर्ण सूचना उपलब्ध करायी जावे।

उपरोक्त विवेचन के परिणाम स्वरूप प्रस्तुत अपील आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है तथा प्रकरण (सचिव, राज. संगीत नाटक अकादमी),जोधपुर को इस निर्देश के साथ प्रति प्रेषित किया जाता है कि वे प्रार्थी को सूचित करें की वे कार्यलय समय मे उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन कर शेष रही सूचनाओं को चिन्हित करें । दस्तावेज चिन्हित करने के पश्चात शेष रही सूचना यदि कोई हो तो निशुल्क उपलब्ध करायी जावे। पत्रावली निर्णत होकर नम्बर से कम हो तथा (सचिव, राज. संगीत नाटक अकादमी),जोधपुर की मूल पत्रावली मय निर्णय की प्रति के साथ लौटायी जावे।

(ललित कुमार गुप्ता)
सम्भागीय आयुक्त
जोधपुर

प्रतिलिपि–

1. डा. विकास कपूर 24 भगत की कोठी विस्तार योजना न्यू पाली रोड, जोधपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।

सम्भागीय आयुक्त
जोधपुर